जन चौपाल में राजस्व और अन्य विभागों के अधिकारियों ने सुनी समस्या

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के कुशल दिशा-निर्देशन में गुढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गौरा में जन चौपाल का आयोजन किया गया.

इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना था. चौपाल में राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग का पूरा अमला मैदानी अमले के साथ मुस्तैद रहा. ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन सीधे जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपे. अधिकारियों ने राजस्व मामलों,नामांतरण, बटवारा, पेंशन योजना, राशन पात्रता पर्ची और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं से जुड़े लगभग 15 लंबित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर पीड़ित पक्षों को तुरंत राहत प्रदान की.

चौपाल में एसडीएम सुधाकर सिंह, नायब तहसीलदार महिमा पाठक, जनपद सीईओ रायपुर कर्चुलियान प्रदीप दुबे, एपीओ गोविंद नारायण श्रीवास्तव एवं उपयंत्री संदीप त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. इसके साथ ही स्थानीय सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन इस चौपाल का हिस्सा बने.

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना संभावित स्थल का किया निरीक्षण

संकेतक लगाने के दिए निर्देश, दुर्घटना वाले स्थल पर लगाया जाएगा ब्रेकर

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 30 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये. उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के समीप बरांव रोड एवं नेशनल हाईवे के इंटरसेक्शन प्वाइंट का निरीक्षण कर हाईवे के दोनों ओर ड्रम लगाकर बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिये ताकि वाहनों की गति पर नियंत्रण रखा जा सके.

उन्होंने नेशनल हाईवे के शार्पबेंड को सुगम करने के निर्देश भी दिये. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दोनों स्थनों पर संकेतक अवश्य लगवायें. कलेक्टर ने मऊगंज अस्पताल के समीप तिराहे के निरीक्षण के दौरान मेन गेट के अंदर 100 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग सभी तिराहों व दुर्घटना संभावित स्थलों में ब्रोकर लगाकर साइन बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन, एसडीएम मऊगंज मौजूद रहे.

रोजगार मेले में 28 युवाओं को मिला रोजगार

युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत हनुमना में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में शामिल 8 कंपनियों ने 28 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ब्राहमा देवी इंजीनियरिंग प्रा. लि. इंदौर में 2, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर में 3, जेके टायर्स मुरैना में 6 युवाओं को रोजगार मिला.

आबकारी नीति के बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करें

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में आबकारी नीति के तहत निर्धारित बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. उन्होंने सहायक आयुक्त आबकारी को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि दुकानों में अवैध शॉपबार संचालित न हों तथा मदिरा दुकानों के आसपास स्थित रेस्टोरेंट अथवा ढ़ाबों में अवैध रूप से मदिरा का विक्रय, उपभोग तथा मदिरापान न किया जाय. उन्होंने निर्देशित किया है कि मदिरा दुकानों की विक्रय दरें प्रदर्शित की जाय तथा विक्रय दरों के सत्यापन हेतु क्यूआर कोड चस्पा किया जाय.

खेत में लगे पम्प से चोरों ने पार किया केबल

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, गुढ़ क्षेत्र में एक बार फिर चोरों की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है. लगातार किसानों के खेतों से मोटर और केवल चोरी होने की घटनाओं ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है.

ताजा मामला गुढ़ नगर परिषद क्षेत्र का सामने आया है, जहां वार्ड क्रमांक 3 निवासी संजय दुबे के खेत के पम्प हाउस में लगे केबल चोरी की घटना हुई. बताया जा रहा है कि उनका खेत वार्ड क्रमांक 14 में, नेशनल हाईवे 39 के किनारे स्थित है. बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने खेत में लगी मोटर का केवल 20 मीटर पार कर दिया.हालांकि संजय कुमार दुबे ने गुढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है लेकिन केवल चोरी हो जाने के कारण संजय दुबे को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं जिससे खेती कार्य प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है. किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से वे परेशान हैं और रात में खेतों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है. स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए.

गौ महिमा महोत्सव का आयोजन 12 से देवतालाब में

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 30 मई, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान द्वारा वतन रत्न शहीद केदारनाथ व राजीव दीक्षित की स्मृति में पुनीत पुरूषोत्तम मास में मऊगंज जिले के ऐतिहासिक शिवनगरी देवतालाब में 12 जून से 15 जून तक गौ महिमा महोत्सव आयोजन किया जा रहा है. गौ महिमा महोत्सव का आयोजन कर गौर आधारित सनातन जीवन शैली अपनाकर निज कल्याण व विश्व कल्याण के जीवन लक्ष्य की तरफ मुड़ने के लिए हरिकृपा से प्रेरक वातावरण निर्मित करने के गिलहरी प्रयास का श्रीगणेश होना सुनिश्चित हुआ है.

अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि इस संबंध अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज अनुमति भी मांगी गई है.

ग्रामीणों ने दान कर दी जमीन फिर भी बदहाल है पतौता-बरहदी मार्ग

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पतौता कसई बांया बरहदी मार्ग के निर्माण और हरदुआ से रगनियां प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर स्थित संकीर्ण पुलिया को बड़ा बनाने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है.

ग्रामीणों का आरोप है कि शासन-प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण उन्हें हर वर्ष नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता है. आने वाले मानसून और भारी बारिश के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों की चिंताएं एक बार फिर से चरम पर हैं. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 9 जुलाई 2025 को ग्रामीण भारतीय सर्व सेवा संगठन के साथ पतौता कसई और रगनियां क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के रीवा स्थित आवास पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से उन्हें रूबरू कराया था. ग्रामीणों ने विधायक को बताया था कि पतौता कसई बांया बरहदी मार्ग के न बनने से और हरदुआ-रगनियां मार्ग की छोटी पुलिया के कारण बारिश के दिनों में दर्जनों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता है. आपातकालीन स्थितियों में एम्बुलेंस तक गांवों में नहीं पहुंच पाती है.

ग्रामीणों ने दान की करोड़ों की भूमि -पतौता कसई गांव के ग्रामीणों ने विकास की आस में एक अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए सड़क निर्माण के लिए अपनी निजी और बेशकीमती कृषि भूमि बिना किसी मुआवजे के दान कर दी थी. ग्रामीणों का सोचना था कि भूमि दान करने के बाद सड़क निर्माण की तकनीकी अड़चनें दूर हो जाएंगी और कार्य जल्द शुरू होगा. लेकिन ग्रामीणों के इस त्याग के बावजूद भी प्रशासन की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में ठगे जाने का अहसास और गहरा गया है.

विधायक का लेटर पैड भी साबित हुआ बेअसर

ग्रामीणों के भारी विरोध और मांग को देखते हुए गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने अपने शासकीय लेटर पैड के माध्यम से महाप्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को एक अनुशंसित पत्र भी लिखा था. इस पत्र में उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पतौता कसई बांया बरहदी मार्ग के डामरीकरण और रगनियां मार्ग के छोटे पुल को बड़ा बनाने के निर्देश दिए थे. लेकिन विडंबना यह है कि साल भर से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उस शासकीय पत्र पर विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. ग्रामीणों का कहना है कि विधायक का वह पत्र महज एक कागजी झुनझुना बनकर रह गया है, जिसका जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं दिखा.

चोरों ने किसानो के खेतों से पार किये सबमर्सिबल मोटर

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, गुढ़ थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है. लेकिन पुलिस इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है. पूर्व में भी हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा नही हो सका है.

गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत समर्शियल मोटर चोरी का मामला सामने आया है. पीड़ितों द्वारा थाना प्रभारी गुढ़ को लिखित आवेदन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई है. आवेदन के अनुसार 24 मई की रात ग्राम बरसैता क्षेत्र से कई लोगों की समर्शियल मोटर चोरी हो गई.

पीड़ितों का कहना है कि चोरी की सूचना पहले ही थाने में दी जा चुकी है, लेकिन अब संदेह के आधार पर कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक संदिग्ध व्यक्ति एवं उसके अन्य साथियों को घटना स्थल के आसपास आते-जाते देखा गया था. बताया गया कि रात करीब 12:30 बजे सफेद शर्ट पहने बाइक सवार कुछ लोग घटना स्थल की ओर जाते दिखे और इशारों के माध्यम से अन्य साथियों को बुलाते नजर आए. पीड़ितों का आरोप है कि इन्हीं लोगों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया हो सकता है. पीड़ितों ने थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर जल्द कार्रवाई करने तथा चोरी हुई मोटरों की बरामदगी की मांग की है. वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है. हालांकि अब पुलिस जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी.

गुढ बस स्टैण्ड के अंदर से ही चलेगी बसे

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, गुढ में बसों के संचालन को लेकर चल रहे विवाद के बीच बड़ी खबर सामने आई है.

गुढ अनुविभागीय अधिकारी सुधाकर सिंह ने समाजसेवी उमेश त्रिपाठी पीड़िहा को आश्वासन देते हुए कहा है कि जिन बसों का परमिट गुढ बस स्टैंड के अंदर से होकर जाने का है, वे हर हाल में अंदर से ही जाएगी.जानकारी के अनुसार उमेश त्रिपाठी पीड़िहा इन्द्रपाल उपाध्याय/ विकर्ष उपा0/ कैलास गुप्ता सहित संगठन के अधिकारियों ने एडीएम से बात कर यह चिंता जताई कि यदि रीवा-सीधी मार्ग की बसें गुढ बस स्टैंड में रुकना बंद कर नेशनल हाईवे 39 से गुजरने लगेंगी, तो क्षेत्र की महिलाओं, छात्राओं और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. खासकर रात के समय बहन-बेटियों की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बन सकता है. इस से एसडीएम सुधाकर सिंह ने कहा कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से समझता है और किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन बसों का परमिट गुढ बस स्टैंड से होकर गुजरने का है, उन्हें अंदर से ही संचालित कराया जाएगा. साथ ही थाना एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे. एसडीएम के आश्वासन के बाद लोगो में खुशी है.

ग्राम पंचायत मुड़िला अंतर्गत मढ़ी में वित्तीय साक्षरता शिविर में दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 30 मई, ग्राम पंचायत मुडिला अंतर्गत ग्राम मढी 816 मे ग्राम पंचायत के सचिव दिलीप सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया. जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता संतोष कुमार मिश्र रहे.

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच प्रितिमा चंदन कुशवाहा ने किया. विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक नागेंद्र तिवारी एवं अभिराज कुशवाहा उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं की बिंदु बार जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी योजना का लाभ डायरेक्ट हितग्राही के खाते में जाए इस लिए बैंक में खाता होना अति आवश्यक है. अधिकतर लोगों का खाता भी खुला हुआ है परंतु केवाईसी नॉमिनी और मोबाइल नंबर न होने की वजह से कुछ दिक्कतें सामने आती हैं इस लिए सबसे अपील है कि जिस हितग्राही का बैंक में खाता हो वहां जाकर अपनी केवाईसी अवश्य चेक कर लें. कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष कुमारी जायसवाल, आशा कार्यकर्ता विमला कुशवाहा, गीता तिवारी, सहायिका मीना विश्वकर्मा छोटी प्रजापति जल जीवन मिशन से मनीष सिंह एवं हितग्राहियों में प्रमुख रूप से गायत्री कुशवाह राजमणि कुशवाहा हीरालाल जायसवाल दिनेश कुशवाहा राजू कुशवाहा सोभनाथ कुशवाहा नर्मदा कुशवाहा शीला कुशवाहा सुमित्रा कुशवाहा प्रमिला साकेत कन्हैयालाल कुशवाहा शेषमणि कुशवाहा राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा इंद्रमणि कुशवाहा उपस्थित रहे. ग्राम पंचायत मुडिला के सचिव दिलीप सिंह ने आभार प्रकट किया.

गुढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष की तानाशाही के खिलाफ पीआईसी के सदस्य

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, जिले की नगर परिषद गुढ़ में उस समय एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आ गया जब परिषद के कई वरिष्ठ पार्षदों ने सामूहिक रूप से पीआईसी के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया. पार्षदों ने नगर परिषद अध्यक्ष पर मनमानी करने कथित भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और आर्थिक अनियमितताओं में संलिप्त रहने के गंभीर आरोप लगाए हैं.

इस सामूहिक इस्तीफे से स्थानीय राजनीति में हड़कंप मच गया है. नाराज पार्षद गणों ने आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गुढ़ को एक औपचारिक पत्र सौंपकर पीआईसी से अपने इस्तीफे की घोषणा की ।पार्षदों का कहना है कि वे वर्तमान अध्यक्ष की कार्यप्रणाली और उनके द्वारा अपनाए जा रहे अलोकतांत्रिक रवैये से खुद को पूरी तरह असहमत पाते हैं. त्यागपत्र में पार्षदों ने सीधे तौर पर अध्यक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि परिषद में लगातार वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं और विकास कार्यों की आड़ में कथित भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है. पार्षदों ने स्पष्ट किया हम नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा अपनाए जा रहे मनमाने रवैये कथित भ्रष्टाचार एवं आर्थिक अनियमितताओं से संबंधित कार्यप्रणाली से स्वयं को असहमत पाते हैं. ऐसी संदिग्ध गतिविधियों में किसी भी प्रकार की सहभागिता अथवा समर्थन से स्वयं को पूरी तरह पृथक रखते हुए हम सभी पार्षद गण सामूहिक रूप से पीआईसी से अपना त्यागपत्र प्रस्तुत कर रहे हैं. पीआईसी से इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता के पैसों का इस तरह दुरुपयोग वे मूकदर्शक बनकर नहीं देख सकते. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की इस कार्यप्रणाली से नगर का विकास पूरी तरह ठप हो चुका है और सिर्फ चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है. इन गलत गतिविधियों का हिस्सा न बनने और अपनी साफ-सुथरी छवि को बनाए रखने के लिए उन्होंने यह कड़ा कदम उठाया है. उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से अध्यक्ष को लेकर विवाद की स्थित बनी हुई है. पहले भी पार्षद विरोध में आए थे और एक बार फिर से अध्यक्ष की कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदो में असंतोष है.

सीएमओ से तत्काल इस्तीफा स्वीकार करने की मांग

पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से विनम्र निवेदन किया है कि उनकी जनभावनाओं और परिषद के हितों को ध्यान में रखते हुए इस सामूहिक त्यागपत्र को बिना किसी विलंब के तत्काल स्वीकार किया जाए. इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के बाद अब सभी की नजरें प्रशासन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के अगले कदम पर टिकी हुई हैं. यह देखना दिलचस्प होगा कि इस सामूहिक इस्तीफे के बाद गुढ़ नगर परिषद की राजनीति क्या नया मोड़ लेती है.

शराब दुकान की मनमानी पर नहीं हो रही कार्यवाही

नवभारत न्यूज

गुढ़, 30 मई, जिले के गुढ़ कम्पोजिट शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूलने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है.

गुढ़, पुरवा और मनिकवार, दुआरी क्षेत्र की शराब दुकानों से जुड़े कथित अवैध वसूली के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी प्रशासनिक कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब ठेकेदार खुलेआम निर्धारित मूल्य से ज्यादा रकम वसूल रहे हैं, लेकिन आबकारी विभाग और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. वायरल वीडियो के बाद भी दुकान सील करने या लाइसेंस निरस्त करने जैसी कार्रवाई न होने पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. लोगों का कहना है कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच होती, तो संबंधित शराब दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाती. जनता का आरोप है कि गरीब और आम लोगों के लिए नियम-कानून सख्ती से लागू किए जाते हैं, लेकिन प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई करने में प्रशासन पीछे हटता नजर आता है.

संयुक्त कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी करेंगे

नवभारत न्यूज

रीवा 30 मई। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ संयुक्त कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक एक जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी करेंगे।

बैठक में शामिल होने के लिए सभी मान्यता प्राप्त अधिकारी और कर्मचारी संगठनों को आमंत्रित किया गया है।

मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार

मेरिट सूची में प्रथम से छठवें स्थान तक प्राप्त करने वाली अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाती है यह राशि

नवभारत न्यूज

रीवा 30 मई। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकण्डरी एजुकेशन ;सीबीएसईद्ध तथा इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकण्डरी एजुकेशन परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त रकने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इन विद्यार्थियों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार के तहत राशि दी जाती है।

यह योजना अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में लागू है। मेरिट सूची में प्रथम से छठवें स्थान तक प्राप्त करने वाली अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को यह राशि दी जाती है। इन विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित भी किया जाता है। विद्यार्थियों का चयन बोर्ड द्वारा जारी राज्य स्तरीय मेरिट सूची से किया जाता है। कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बालक और बालिका दोनों को 30 हजार रुपए तथा दूसरा स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इसी तरह मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बालक और बालिका को 20 हजार रुपए तथा चौथा स्थान प्राप्त करने पर केवल बालिका को 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मेरिट सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त करने पर 10 हजार रुपए तथा छठवां स्थान प्राप्त करने पर 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि केवल बालिकाओं को दी जाती है।

कक्षा बारहवीं की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बालक और बालिका दोनों को 51 हजार रुपए तथा दूसरा स्थान प्राप्त करने पर 40 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इसी तरह मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बालक और बालिका को 30 हजार रुपए तथा चौथा स्थान प्राप्त करने पर केवल बालिका को 20 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मेरिट सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त करने पर 15 हजार रुपए तथा छठवां स्थान प्राप्त करने पर 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि केवल बालिकाओं को दी जाती है। योजना का लाभ केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को ही दिया जाता है। इस योजना में आय सीमा का बंधन नहीं है।